Regarding installing of proper solar plates under PM Kusum Yojna in Bundelkhand

श्रीमती हेमामालिनी **(मथुरा) :** माननीय अध्यक्ष महोदय, प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान तथा पीएम कुसुम योजना के तहत किसानों की निजी भूमि पर सोलर एनर्जी उत्पादन के लिए प्लांट लगाने का प्रावधान किया गया है । अभी देखा गया है कि बुंदेलखंड के किसानों द्वारा इस दिशा में तेजी से कदम बढ़ाया गया, लेकिन इसका अनुभव इतना उत्साहवर्धक नहीं है । सोलर प्लांट के लिए लीज़ पर जमीन देने वाले किसानों को आकर्षक लाभ नहीं मिल पा रहा है, न फसल का अधिक उत्पादन हो रहा है और न ही सोलर एनर्जी का उत्पादन हो रहा है । मूल समस्या सोलर प्लेट्स की है । सरकार को सोलर प्लेट्स की इस प्रकार की प्रणाली खेतों में लगाने की आवश्यकता है, जिससे फसल का भरपूर उत्पादन हो और पर्याप्त ऊर्जा का भी उत्पादन हो । किसानों के हित में, सरकार को मेरा सुझाव है कि जो सोलर प्लेट्स जमीन पर लगाये जाते हैं, जिसके कारण किसान खेती नहीं कर पाते हैं, उनको खेत में पिलर्स के ऊपर लगाये जाएं । इस तरह से लगाने से उनको काफी सुविधा होगी ।

महोदय, मेरा सरकार से अनुरोध है कि कृषि और किसानों के हित से जुड़े मामले का जल्द-से-जल्द निदान किया जाए ।

धन्यवाद ।